Con. 150(a)–08. **[REVISED COURSE]** AV–9394

(3 Hours) [Total Marks : 100

सूचना : (१) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।

(२) उत्तर पुस्तिका पर प्रश्न क्रमांक/उप-प्रश्न क्रमांक **अवश्य** लिखें ।

(३) **आई.डी.ई. (पत्राचार)** के विद्यार्थी उत्तर पुस्तिका के **मुख्यपृष्ठ** पर **आई.डी.ई. (पत्राचार) अवश्य** लिखें ।

१. निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए । २७

(क) इस इतने बड़े शहर में
कहीं रहता है एक कवि
वह रहता है जैसे कुएँ में रहती हैं चुप्पी
जैसे चुप्पी में रहते हैं शब्द
जैसे शब्द में रहती हैं डैनों की फड़फड़ाहट ।

अथवा

अगर लौट कर आये भी
तो तुम हमें पहचान नहीं पाओगे
अपनी अन्तिम चिट्ठी में
लिख भेजते हैं दाने ।

(ख) "उनकी निर्भयता उनके अनन्त अज्ञान पर ठहरी है अनामिके! अन्ध अश्रध्दा से पराजित ये श्रध्दा के नन्हे-से प्रकाश को भी अन्धकार मानते हैं ।"

अथवा

"छितवन पार्थिव शरीर के यौवन का प्रतीक है, उसकी समस्त मादकता का उसकी सामूहिक चेतना का उसके निश्शेष आत्मसमर्पण का और उसके निश्चल और शुभ्र अनुराग का ।"

(ग) "वह तो मैं अपने प्राइवेट वक्त में लिखता हूँ, सर ! दफ्तर के वक्त तो मैं केवल आपके ही भाषण लिखता हूँ ।"

अथवा

"कपड़े की दुकानें खुली रहें कफनों के लिए, किरासीन की दुकान खुली रहे आग लगाने के लिए, लकडियों के टाल खुले रहें अगले जहान पहुँचाने के लिए ।"

२. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- ३६

(च) 'पानी में घिरे हुए लोग' में कवि ने शोषण और विपत्तियों में घिरे हुए लोगों का चित्रण किस प्रकार किया है ?

अथवा

'मेरे युग का मुहाविरा है; फर्क नहीं पड़ता' कहने से कवि का क्या तात्पर्य है ?

(छ) 'मन की तरंग' निबंध के आधार पर शोषक और शोषित वर्ग की विसंगतियों पर प्रकाश डालिए ।

अथवा

'सोने की लूट' निबंध में लेखक की दृष्टि से कुशासन के रावण का अंत कैसे होगा ?

(ज) 'त्रासदी के समय विभिन्न वर्गों में पनपते खोखले दंभ पर 'मुआवज़े' एक तीखा प्रहार है' – इस कथन की सत्यता पर प्रकाश डालिए ।

अथवा

'मुआवज़े' के आधार पर सरकारी और राजनीतिक प्रबंधो के खोखलेपन का वर्णन कीजिए ।

३. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** का उत्तर दीजिए :- १२

(झ) 'केदारनाथ सिंह ने आम आदमी की संवेदनाओं को बहुत गहराई से समझा है' – पठित कविताओं के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

अथवा

" 'यम और यमी' का संवाद मानव-परिवार की प्रथम विजय का घोषणा पत्र था ।" लेखक ने ऐसा क्यों कहा ?

अथवा

'व्यावसायिकरण के युग में दंगे जैसी संवेदनशील घटना का भी व्यावसायिकरण हो गया है ।' मुआवज़े के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

४. निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखें :- १५

(ट) एक ठेठ देहाती कार्यकर्ता की प्रतिबध्दता ।

अथवा

'सुबह हो रही है' कविता में व्यक्तिगत जीवन ।

(ठ) 'मजदूरी और प्रेम' में अंतर्संबंध ।

अथवा

'एकता और सामंजस्य' निबंध में संवेदनशीलता ।

(ड) सुधरा की चारित्रिक विशेषताएँ ।

अथवा

'मुआवज़े' प्रहसन का उद्देश्य ।

५. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- १०

(अ) सबसे सरल शब्द कौन से रंग के हैं ?

(ब) नावों के पाल में क्या कम पड़ रहा है ?

(क) सड़क पर क्या माँगा नहीं जाता ?

(ड) अगला महायुध्द किसके लिए हो सकता है ?

(इ) चर्चिल ने किसे अधनंगा फकीर कहा था ?

(च) रविन्द्रनाथ ने इस भारत वर्ष को क्या कहा है ?

(छ) कौन लोग बीमावालों के चक्कर में आ जाते हैं ?

(ज) पुलिस थाने में कितने रूपयों की चोरी हुई थी ?

(झ) मिनिस्टर साहब का भाषण कौन तैयार करता है ?

(ग) 'मुआवज़े' प्रहसन कितने दृश्यों में है ?